हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 3 अगस्त 2025

06 रक्षाबंधनः रंग-बिरंगी राखियों से सजे बाजार...



09 जिले के देहरीकराड़ पंचायत के डाबरी गांव...





## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार योजना के तहत पंजीयन 15 अगस्त तक

**सीहोर।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार योजना तहत बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला-संस्कृति तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में विशेष योगदान देने वाले बच्चों के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ हो गए हैं। जिसकी अंतिम तिथि 15 अगस्त 2025 है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार देशभर के 05 से 18 वर्ष तक की आयु तक के उन बच्चों को प्रदान किया जाता है। विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हैं। आवेदक आधिकारिक पोर्टल https://awards.gov in/ पर पंजीयन कर सकते हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार का मुख्य उद्देश्य युवाओं द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों की सराहना करना, उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना और अन्य बच्चों को प्रेरित करना है। यह पुरस्कार उन बच्चों को एक मंच प्रदान करता है, जो अपने कार्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कर रहे हैं। आवेदन संबंधी अधिक जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### रिक्त पदों के लिए 4 अगस्त तक आवेदन आंमत्रित किए गए

**सीहोर।** ऊर्जा विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) में विभिन्न श्रेणियों के 633 रिक्त पदों पर भर्ती के लिये योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आंमत्रित किये गये हैं। रिक्त पदों में सहायक अभियंता, विधि अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता, ट्रांसमिशन लाइन परिचारक, उपकेन्द्र परिचारक, सर्वेयर परिचारक के पद शामिल हैं। इन पदों के लिये ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 04 अगस्त 2025 है।

### सीएम डॉ. मोहन यादव बोले: प्रधानमंत्री मोदी भारत फर्स्ट की भावना को लेकर देश के लिए दुनिया में निभा रहे भूमिका

# भारत को कभी कहा जाता था सोने की चिड़िया, लेकिन आज का भारत सोने के शेर की तरह मार रहा दहाड़

सीहोर में जल्द ही एक लाख मैट्रिक टन सब्जियों की खरीद की व्यवस्था शुरू होगी, इससे जिले के दो लाख परिवारों को लाभ मिलेगा।







हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में बदलते दौर में भारत की भूमिका विश्व में निरंतर महत्वपूर्ण हो रही है। भारत को कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था ,लेकिन आज भारत सोने के बाघ की तरह दहाड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'भारत फर्स्ट' की भावना से देश के किसान और उद्योगपतियों के लिए दुनिया से लोहा लेने को तैयार हैं। उनकी मंशा के अनुरूप प्रदेश में हर दूसरे या तीसरे दिन उद्योगों को नई सौगात और युवाओं को रोजगार का लाभ मिल रहा है। इसी क्रम में सीहोर के बडियाखेड़ी में 2000 करोड रुपए के निवेश से नए उद्योग आरंभ किए जाएंगे। सीहोर में जल्द ही एक लाख मैट्रिक टन सब्जियों की खरीद की व्यवस्था शुरू होगी, इससे जिले के दो लाख परिवारों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लग रहीं फूड इंडस्ट्रियां फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए किसानों को प्रेरित करेंगी। सीहोर में पावर ट्रांसफार्मर की इकाई लगने से भी रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। सीहोर को पार्वती काली सिंध चंबल परियोजना का भी लाभ मिलेगा। आगामी वर्षों में सीहोर, भोपाल मेट्रोपॉलिटन सिटी का महत्वपूर्ण भाग होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सीहोर जिले के बडियाखेड़ी में नई औद्योगिक इकाइयों के भूमि पूजन और आशय पत्र वितरण कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्योग लगाने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। राज्य सरकार उद्योगपतियों को हर संभव सहयोग प्रदान कर प्रदेश में रोजगार परक उद्योग लगाने को विशेष प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। हमारा प्रयास है कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार के लिए प्रदेश से बाहर जाने की जरूरत ना हो। प्रदेश में महिला कर्मियों के लिए 10 साल तक 6000 रुपये प्रति माह और पुरुष कर्मियों के लिए 5000 रुपये मासिक अनुदान राज्य सरकार की ओर से उद्योगपतियों को दिया जाएगा। प्रदेश में स्थापित हो रहे उद्योग विकास और रोजगार के केंद्र हैं अतः वे मंदिर के समान हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश में निवेश लाने के वैश्विक स्तर पर प्रयासरत- मंत्री श्री वर्मा

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश में निवेश लाने के वैश्विक स्तर पर प्रयासरत हैं। सीहोर में उद्योग लगने से यहां के युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा अब तक प्रदेश के 1 करोड़ 9 लाख किसानों के लंबित मामलों का निपटारा किया गया है और 42 लाख लोगों को पट्टे बांटे गए हैं।

### नई औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन सीहोर के लिए ऐतिहासिक - मंत्री कृष्णा गौर

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री एवं सीहोर की प्रभारी कृष्णा गौर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश को विकास में शीर्ष पर ले जाने का संकल्प लिया है। उनके नेतृत्व में राज्य सरकार ने औद्योगिक विकास के लिए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव, आईटी कॉन्क्लेव, किसान मेला, माइनिंग कॉन्क्लेव, हेल्थ एंड वेलनेस कॉन्क्लेव, टूरिज्म कॉन्क्लेव और भोपाल के इतिहास में पहली बार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजित की। देश का हर बड़ा उद्योगपति और निवेशक मध्यप्रदेश आ रहा है, नई औद्योगिक ईकाईयों का भूमि-पूजन सीहोर के लिए ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में औद्योगिक विकास के नए युग का सूत्रपात हुआ है।

### सीहोर में 12 से 14 अक्टूबर तक होगा राज्य स्तरीय कृषि मेला

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि सीहोर में 12 से 14 अक्टूबर तक राज्य स्तरीय कृषि मेला आयोजित किया जाएगा। जिसमें देशभर के उद्योगपति, किसान और विशेषज्ञ शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि हम मध्यप्रदेश को कृषि और दुग्ध उत्पादन में देश में सर्वश्रेष्ठ बनाने के लक्ष्य के कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार प्रत्येक विकासखंड में एक वृंदावन ग्राम विकसित कर रही है। प्रदेश में श्री कृष्ण पथ विकसित करने की दिशा में भी कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में कृषि सिंचाई का रकबा बढ़कर 52 लाख हेक्टेयर से अधिक हो गया है। स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पर्यटन सहित सभी क्षेत्रों में नवाचार किए जा रहे हैं। राज्य सरकार की एयर एंबुलेंस योजना का देश के अन्य राज्य अनुसरण कर रहे हैं। गरीब जरूरतमंद परिवारों के लिए जिलों में शव वाहन भी उपलब्ध कराए गए हैं। किसान कल्याण और बहनों के सशक्तिकरण के लिए प्रदेश में विशेष योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है।

### औद्योगिक निवेश जिले के विकास के नए द्वार खोलेगा - विधायक सुदेश राय

इस अवसर पर सीहोर विधायक सुदेश राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश में निरंतर औद्योगिक विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि सीहोर में हो रहा यह औद्योगिक निवेश जिले के लिए विकास के नए द्वारा खोलेगा।

**इन औद्योगिक इकाइयों भूमिपूजन और आशय पत्र वितरणः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम में 06 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन किया। इनमें वान्यावेदा ग्रीन्स, बारमॉल्ट माल्टिंग इंडिया प्रा.लि., सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशन लि., श्री कृष्णा इंडस्ट्रीज, स्क्वायर मीटर, आईटीसी शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कार्यक्रम में 06 औद्योगिक इकाइयों को आशय पत्र वितरित किए, जिनमें आरटीडीबी इंडस्ट्रीज, स्वाति सोनी, संजय कुमार, अमित मूंदड़ा, प्रकाश पैकेजिंग और आरना वेंचर्स शामिल हैं। इन इकाइयों से लगभग 1200 लोगों को रोजगार मिलेगा। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव, आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर, जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेंद्र मेवाड़ा, उद्योगपति अमरकौल, विशाल अग्रवाल, पुष्पराज सिंह, शुभम खंडेलवाल, सीपी शर्मा, आयुष पाराशर, उद्योग प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह, कलेक्टर बालागुरू के., एसपी दीपक कुमार शुक्ला, सन्नी महाजन सहित अनेक जनप्रतिनिधि, उद्योगपति एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## जनहित की हमारी सभी मांगों तत्काल पूर्ण करे सरकार : पंकज शर्मा



**सीहोर।** शनिवार को मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव के सीहोर आगमन पर जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने उनको एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मुख्यमंत्री के सामने सीहोर नगरहित की कुछ मांगों को रखा और उन्हें तत्काल माने जाने के लिए कहा। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए पंकज शर्मा ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री से वर्षों से बंद पड़ी सीहोर की शुगर मिल को दोबारा प्रारंभ कराने या उसकी जमीन से अतिक्रमण हटाकर वहां नए उद्योग स्थापित किए जाने की मांग की, ताकि सीहोर में रोजगार के नए अवसर सृजित हो सकें। इसके अलावा उन्होंने बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी के लिए मुरली रेलवे ओवरब्रिज निर्माण और रिंग रोड को बनाए जाने, दौलतराम इंडस्ट्रीज का कारखाना तुरंत चालू लिए जाने सहित नए उद्योग स्थापित करने वाली कंपनियों से उद्योग प्रारंभ करने का शपथ पत्र लेने की भी मांग की, जिससे सीहोर सच्चे अर्थों में विकास की राह पर अग्रसर होकर विकसित शहरों की श्रेणी में अग्रणी पायदान पर खड़ा होगा और इसके बाद देश के बड़े शहरों में शुमार होकर स्मार्ट सिटी बनने के रास्ते पर आगे बढ़ सकेगा।

**कांग्रेस की बात हुई सही साबित :** पंकज शर्मा ने कहा कि आज राजस्व मंत्री के बयान से उनकी कही बात सच साबित हो गई कि बढ़ियाखेड़ी इंडस्ट्रियल एरिया राजनीति और श्रेय लेने की भेंट चढ़ गया है और सीहोर तथा इछावर विधानसभा क्षेत्र की लड़ाई में यहां पर्याप्त संख्या में उद्योग नहीं आए हैं और ये एक फेल इंडस्ट्रियल एरिया बनकर रह गया है। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि यह क्षेत्र उनकी विधानसभा में आता है लेकिन सीहोर के जनप्रतिनिधि झूठी वाहवाही लूटने के चक्कर में इसे अपने यहां बता रहे हैं और इसका नाम भी उन्होंने अपने हिसाब से गलत रखवा लिया है। ज्ञापन के दौरान एक अजब वाकया सामने आया जब मुख्यमंत्री ने पंकज शर्मा की मांग पर कहा कि जब सीहोर में गन्ना उत्पादन ही बंद हो गया है तो फिर शुगर मिल कैसे प्रारंभ की जा सकती है। जिस पर पंकज शर्मा ने कहा कि फैक्ट्री चालू होने पर उसकी पांच हजार एकड़ जमीन पर गन्ना उगाया जा सकता है और यदि फैक्ट्री शुरू होने में कोई दिक्कत है तो उसकी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराकर वहां कई नए उद्योग स्थापित किए जा सकते हैं, जिससे सीहोर में रोजगार के हजारों अवसर पैदा होंगे तथा सच्चे अर्थों में सीहोर का विकास होगा। जिस पर सीएम ने कहा कि आपकी मांग पर जरूर विचार किया जाएगा।

## सड़क हादसे में युवक और युवती की मौत



**बुधनी।** शनिवार दोपहर नर्मदा ब्रिज के पास एक ट्रक चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार एक युवक और युवती की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर लगभग 3:00 बजे बुधनी से नर्मदा पुरम की ओर जा रही बाइक क्रमांक एमपी 05जेडए1128 पर सवार युवक रुपेश शर्मा पुत्र सीताराम शर्मा उम्र 25 वर्ष निवासी नर्मदापुरम वहीं दूसरी दिव्या सोलंकी पुत्री महेश उम्र 23 वर्ष निवासी नर्मदापुरम को ट्रक क्रमांक एमपी09जी एफ 1300 के चालक ने यादव श्री ढाबे के पास टक्कर मार दी जिससे दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को अस्पताल पहुंचाया जहां उनका शव परीक्षण करवाकर परिजनों को सौंप दिए हैं। उल्लेखनीय है कि नर्मदा नदी पर जब से नया पुल बनाया गया है तब से आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं प्रशासन को इस और ध्यान देना चाहिए।

## पिछले साल से 8 इंच ज्यादा बारिशःइस मानसून में अब तक 34 इंच पानी गिरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस मानसून सीजन में अब तक कुल 34.06 इंच (865.2 मिमी) बारिश दर्ज की गई है। यह पिछले साल की इसी अवधि में हुई 25.92 इंच (658.6 मिमी) बारिश से करीब 8.13 इंच ज्यादा है।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक रुक-रुककर बारिश होती रहेगी। बारिश के मौसम में जलजनित रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है और कई जरूरी सावधानियां बरतने की सलाह दी है।

**गंदा पानी पीने से हो सकती हैं ये बीमारियां :** स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी में बताया गया है कि दूषित पानी पीने से उल्टी-दस्त, पेचिश, हैजा, पीलिया और टाइफाइड जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इससे बचने के लिए केवल उबला हुआ या फिल्टर किया गया स्वच्छ पानी पीएं। यदि पानी की शुद्धता संदिग्ध हो, तो उसे उबालें या क्लोरीन की गोली डालकर एक घंटे बाद ही सेवन करें।

**हाथ धोना और साफ-सफाई जरूरी :** खाना बनाने, परोसने और खाने से पहले तथा शौच के बाद हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोने की सलाह दी गई है। यह आदत कई बीमारियों से बचा सकती है। साथ ही, घर और शौचालय के आसपास सफाई बनाए रखने की अपील भी की गई है।

**बासी और खुला खाना न खाएं :** विभाग ने ताजा पका हुआ भोजन खाने और उसे ढककर रखने की सलाह दी है। बासी भोजन, खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थ, कटे फल और ठंडे पेय से परहेज करें। फल और सब्जियों को अच्छी तरह धोकर ही खाएं।

### प्रधानमंत्री, केंद्रीय कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री का माना आभार, सौगातों का दिखाई दिया जोश

# किसान निधि मिलने पर डांडिया नृत्य कर मनाई खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





श्रावण मास का पवित्र माह एवं हरियाली के बीच जब किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त की सौगात मिली, तो गांवों में उत्सव का माहौल बन गया। ग्राम चंदेरी, कुलांसखुर्द, कुलांसकलां और रामाखेड़ी, उल्झावन के सौ से अधिक किसानों ने किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में लंहगी खेली और डांडिया नृत्य कर इस सम्मान निधि के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का आभार व्यक्त किया। किसान खेत-खलिहानों से निकलकर और परंपरागत संस्कृति को संझोते हुए पोशाकों पहनकर ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य किया, तो राहगीरों की नजरें वहीं ठहर गईं। इस आयोजन में न केवल आर्थिक संबल के प्रति कृतज्ञता प्रकट की, बल्कि गांव की एकता, संस्कृति और परंपराओं को भी सजीव कर दिया। इस मौके पर किसान व समाजसेवी एम.एस.मेवाड़ा ने कहा कि यह सहायता बारिश के मुश्किल दौर में बड़ी राहत है। यह आयोजन ग्रामीण भारत के आत्मबल, सहयोग और आनंद का प्रतीक बन गया, जहां खुशियां सिर्फ बोलकर जाहिर नहीं की गईं बल्कि नाचकर मनाई गईं।

### पुलिस ने की अवैध शराब जब्त



**बुधनी।** जिला सीहोर के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत द्वारा जिले में अवैध शराब विक्रय एवं परिवहन करने वालो के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी निर्देशानुसार, एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी शाहगंज निरीक्षक दिनेश सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रभावी कार्यवाही की गई। शनिवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सफेद रंग की हुंडई आई-10 कार क्रमांक **DL-4C/AP**-4489 में अवैध शराब लेकर भोपाल की ओर से आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम खटपुरा, भोपाल-शाहगंज मुख्य मार्ग पर उक्त वाहन को रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन की डिग्गी में प्लास्टिक की चार सीलबंद बोरियों में कुल 400 क्वार्टर गोवा व्हिस्की (प्रत्येक 180 मि.ली.), कुल 72 लीटर, जिसकी अनुमानित कीमत 44,000/- है, बरामद की गई। वाहन चालक ने अपना नाम दिनेश पिता सुन्दरलाल सैनी, उम्र 41 वर्ष, निवासी ग्राम सूदोन, थाना शाहगंज, हाल निवासी बनेटा प्लॉट, शाहगंज बताया। शराब के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे जाने पर वह प्रस्तुत नहीं कर सका। प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं उसे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय बुधनी में प्रस्तुत किया गया। घटना में प्रयुक्त वाहन को भी जप्त कर लिया गया है।

खबर संक्षेप

## फील्ड अधिकारियों को दिन में एक बार हाजिरी लगानी होगी

**सीहोर।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा फील्ड अधिकारियों के लिए सेल्फी अटेंडेंस को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब फील्ड अधिकारियों जिनमें जे.ई. एवं उससे ऊपर के अधिकारी शामिल हैं, को दो बार उपस्थिति दर्ज करने के स्थान पर दिन में कार्यालयीन समय में एक बार उपस्थिति दर्ज की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कंपनी ने कहा है कि बिजली आपूर्ति की निर्बाधता सुनिश्चित करने की बढ़ती चुनौतियों एवं कार्य आवश्यकताओं को देखते हुए यह पाया गया है कि फील्ड अधिकारी अक्सर रखरखाव, विद्युत आपूर्ति और अधोसंरचना संबंधी कार्यों के लिए मैदानी भ्रमण पर उपस्थित रहते हैं, जिससे वे नियमित उपस्थिति समय-सारणी का पालन नहीं कर पाने की स्थिति में होते हैं। ऐसे में फील्ड कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु, और अधिकारियों की मैदानी आवश्यकता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस (ओएंडएम), एसटीएम/एसटीसी/, सतर्कता, बीआई सेल तथा सिविल विभागों में फील्ड ड्यूटी पर तैनात कनिष्ठ अभियंता (जेई) एवं उससे ऊपर के अधिकारियों को 'अटेंडेंस पोर्टल 2' पर दो बार सैल्फी उपस्थिति दर्ज करने की अनिवार्यता से छूट प्रदान की जाए।

भाई-बहनों के पावन प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन 9 अगस्त को मनाया जाएगा, भाइयों की कलाइयों पर बंधेगी रेशम की डोर

# रक्षाबंधन: रंग-बिरंगी राखियों से सजे बाजार, इस रक्षाबंधन पर ट्रेंड में हैं फैंसी कार्टून वाली राखियां

भैरूंदा नगर के बाजार में इस समय कई तरह के डिजाइन वाली राखियां बिक रही हैं। इनमें रुद्राक्ष की राखी, चांदी की राखी की अच्छी-खासी डिमांड है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





भाई-बहनों के स्नेह व प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन बेहद करीब आ चुका है। राखी के त्यौहार में एक सप्ताह से भी कम का समय बचा हुआ है। रक्षाबंधन के दिन भाइयों की कलाई पर राखी बांधने के लिए बहनें पूरी तैयारी में जुटी हैं। भाई भी बहन को गिफ्ट देने के लिए मार्केट के चक्कर काट रहे हैं। ऐसे ही शहर के बाजारों में दुकानदारों ने राखियों और तोहफों से अपनी दुकानें सजा ली हैं। वैसे तो दुकानों पर कई तरह की राखियां आपको देखने को मिल जाएंगी। इस रक्षाबंधन पर ट्रेंड फैंसी, कार्टून डोरेमॉन, मोटू पतलू सहित कई प्रकार की राखियां भी देखने को मिल रहीं हैं।

### बच्चों को लुभा रहीं कार्टून वाली राखियां

भैरूंदा नगर के बाजार में इस समय कई तरह के डिजाइन वाली राखियां बिक रही है। इनमें रुद्राक्ष की राखी, चांदी की राखी की अच्छी-खासी डिमांड है। वहीं बच्चों को कार्टून कैरेक्टर जैसे छोटा भीम, डोरेमॉन, मोटू- पतलू, बार्बी, टेडी बियर, यूनिकॉर्न वाली राखियां खूब पसंद आ रही हैं। इसके साथ ही बच्चों में ऑनलाइन गेम के क्रेज कू देखते हुए इस बार बाजारों में पबजी वाली राखियां भी दिख रही हैं, जो बच्चों को आकर्षित कर रही है।

### बाजार में सोने-चांदी की भी राखियां भी हैं उपलब्ध

बाजर में राखियों की कई तरह की वैराएटी उपलब्ध हैं। वहीं अगर इनकी कीमतों की बात करें तो 10 रुपए से लेकर हजारों तक है। वहीं सोने और चांदी से बनी राखियों की कीमत सबसे कम 800 से 1500 अधिक है। चांदी की राखियों उपलब्ध है। तो वहीं सोने से बनी राखियों की 15 हज़ार से शुरू है। वहीं हज़ारों से लेकर कीमत एक लाख रुपये तक है। हालांकि इन राखियों की बिक्री बहुत कम है। वहीं लाइट वाली राखियां 60 से 100 रुपये तक में बिक रही है। बच्चों को आकर्षित कर रही कार्टून वाली राखियां भी 40 से 50 रुपये तक के रेंज में उपलब्ध है।

**चॉकलेट ने ली मिठाई की जगह, उपहारों का भी ट्रेंड बदला:** बदलते दौर में बहनों को गिफ्ट भी आधुनिक पसंद आने लग है। मिठाई की जगह इंपोर्टेड चॉकलेट, आभूषण की जगह स्मार्ट घड़ियां, टैब, मोबाइल, आदि पसंद आ रही है। जहां भाई पहले अपनी बहनों के लिए पर्स, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, फोटो फ्रेम , घड़ी आदि खरीदा करते थे। वहीं अब स्मार्टफोन स्मार्ट घड़ियां, महंगी टॉफी आदि ज्यादा पसंद की जा रही है।

### भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक का पर्व है रक्षाबंधन

रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है। सदियों से विश्वास किया जाता है कि सावन माह की पूर्णिमा तिथि को बहन से राखी बंधवाने से हर विपदा से निजात मिल जाती है। बहनें भी भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उनसे आजीवन रक्षा करने का वचन लेती है। वहीं भाई भी बहन की रक्षा के लिए बहन की रक्षा करने का वचन देते हैं।

### ऑनलाइन मिल रही हैं विभिन्न डिजाइन की राखियां, बाजारों नहीं है रौनक

इंटरनेट के कई अलग अलग साइट पर अलग-अलग डिजाइन की रंग-बिरंगी राखियां आ गयी है। भाइयों द्वारा बहनों के लिए उपहार की खरीदारी भी ऑनलाइन ही की जा रही है। रक्षाबंध को शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में राखियों की दुकानें सज गयी है। लेकिन इस रक्षाबंधन में गांव-गांव आनलाइन कंपनियां राखियां गिफ्ट पहुंचा रहे है। बदलते ट्रेंड का बाजार में खासा असर दिख रहा है। तकनीक के दौर में रेशम की डोर भी अब डिजिटल हो चुकी है। इंटरनेट पर ई-राखी का पूरा बाजार सजा है। राखियां और उपहारों की खरीदी भी अब ऑनलाइन से ही की जा रहीं हैं। ऑनलाइन शापिंग में हजारों की राखियों और गिफ्ट वाउचर की व्यवस्था है। इसी तरह राखी से जुड़ी ऐसी कई साइट हैं। जिनके माध्यम से महज कुछ रुपये खर्च कर राखियां भेजने की सुविधा उपलब्ध है।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने किया स्वागत



**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव औद्योगिक इकाइयों का भूमि पूजन करने के लिए सीहोर पहुंचे। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने अपने मित्र मंडल एवं समर्थकों के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत, सत्कार किया। इस दौरान अरोरा ने सीएम को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनकी भव्य अगवानी की।

अरोरा ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार भी व्यक्त किया एवं सीहोर के विकास के लिए उनका साधुवाद भी किया। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार लगातार विकास कार्यों के इतिहास रच रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सहित सीहोर में लगातार औद्योगिक निवेश हो रहा है। इससे जहां स्थानीय रोजगार की समस्याएं दूर होगी तो वहीं किसानों के लिए भी उनकी खेती लाभ का धंधा बन सकेगी। भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने कहा कि सीहोर अब मध्य प्रदेश के औद्योगिक नक्शे पर भी अपनी जगह बना रहा है। ये सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रयासों से संभव हो पा रहा है।

## रक्षाबंधन पर नहीं होगा इस बार भद्रा का साया

**सीहोर।** रक्षाबंधन पर इस वर्ष भद्राकाल का साया नहीं होगा और श्रावणी उपाकर्म पर नवीन जनेऊ धारण करना भी शुभ होगा। भद्रा भगवान सूर्य की पुत्री और शनिदेव की बहन है, जब यह मृत्युलोक पृथ्वी पर होती हैं तो कोई भी शुभ कार्य संपन्न नहीं होता है। शास्त्र के अनुसार भद्रा काल में रक्षाबंधन पर्व नहीं मनाना चाहिए।

पं सुनील शर्मा के अनुसार इस वर्ष श्रवण नक्षत्र में शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 9 अगस्त शनिवार को रक्षाबंधन पर्व श्रावणी उपाकर्म मनाया जाएगा। इस वर्ष पूर्णिमा को सुबह7 बजकर 35 मिनिट से 9 बजकर 7 मिनिट तक श्रवण पूजन करना श्रेष्ठ व उत्तम रहेगा। रक्षाबंधन का शुभ मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 11 मिनिट से शाम 4 बजकर 47 मिनिट तक उत्तम रहेगा। बहने अपने भाई व परिजनों को राखी बांधकर रक्षाबंधन पर्व मनाएगी।

**श्रावणी उपाकर्म पर करेंगे नवीन जनेऊ धारण :** पं. सुनील शमा्र ने बताया कि ब्राहम्णों की उपस्थिति में श्रावण पूर्णिमा को श्रावणी उपाकर्म तालाब, पोखर, नदी के तट पर कार्यक्रम आयोजित कर किए जाएंगे। ब्राह्मणो की उपस्थिति में स्नान, ध्यान, हवन पूजन श्रद्धालुजनों के द्वारा किया जाएगा। श्रावणी उपाकर्म में हेमाद्रि स्नान संकल्प आदि किया जाता है व गुरूदेव के सानिध्य में दूध, दही, घी, गोबर, गोमूत्र, कुशा, फल आदि से स्नान कर शुद्धीकरण किया जाता है। दसविधि स्नान करने से शारीरिक मानसिक आत्मशुद्धि होती है और आत्मा मन शरीर पवित्र होता है। यह धार्मिक अनुष्ठान वन, आश्रम, व नदी तट पर व्यवस्थानुसार किया जाता है। श्रावणी उपाकर्म अंतर्गत देव ऋषि व पितरों का ध्यान कर तर्पण किया जाता है और हवन पूजन किया जाता है फिर नवीन यज्ञोपवित्र धारण किया जाता है।

## पौधारोपण मानवता की सच्ची सेवा : प्रधान जिला न्यायाधीश प्रकाश चंद्र आर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर प्रकाश चंद्र आर्य द्वारा शनिवार को प्रदेशव्यापी वृहद पौधरोपण विशेष अभियान विधिक सेवा प्रकृति की रक्षा के अंतर्गत ग्राम वासुदेव तहसील नसरुल्लागंज जिला सीहोर मे पौधरोपण कर इसे मानवता की सच्ची सेवा बताया एवं सभी से मानवता के संरक्षण हेतु पौधरोपण करने का आव्हान किया गया। इस अवसर पर आयोजित विधिक साक्षरता कार्यक्रम में माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश प्रकाश चंद्र आर्य तथा न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्वप्नश्री सिंह द्वारा सभी से यह आव्हान भी किया गया कि पौधोरोपण के साथ उस पौधे का संरक्षण भी सुनिश्चित किया जाए।

उक्त कार्यक्रम में माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश प्रकाश चंद्र आर्य के साथ विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी, जिला न्यायाधीश स्म्रता सिंह ठाकुर, जिला न्यायाधीश एम. के. वर्मा, जिला न्यायाधीश उषा तिवारी, जिला न्यायाधीश आसिफ अहमद अब्बासी,जिला न्यायाधीश विजय डांगी, जिला न्यायाधीश महेश कुमार चौहान, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीता गुप्ता, न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्वप्नश्री सिंह, न्यायाधीश दीपेन्द्र मालू, अन्य न्यायाधीशगण सहित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मदन सिंह रघुवंशी, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीशान खान आदि उपस्थित रहे। पर्यावरण के संरक्षण के लिए वृक्षों का लगाया जाना एवं संरक्षण किया जाना अतिआवश्यक है।

उक्त उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रदेशव्यापी 02 माह का वृहद पौधरोपण अभियान दिनांक 15 जुलाई 2025 से प्रारंभ किया गया है जो दिनांक 15 सितम्बर 2025 तक निरंतर चलाया जा रहा है। इस अभियान में पौधों को रोपित करने के साथ-साथ संरक्षित भी किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर द्वारा सभी आमजन से अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाने तथा उनकी देखभाल करने की अपील की गई है।

## मानव संपदा का अवदान विषय पर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर में शनिवार को विकसित भारत के लिए मानव संपदा का अवदान विषय पर एक दिवसीय राज्य- स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष सुदीप प्रजापति रहे।

आमंत्रित वक्ताओं के रूप में डॉ. मनोज कुमार सिन्हा, शिक्षाविद/अर्थशास्त्री, शासकीय हमीदिया महाविद्यालय, भोपाल; डॉ. हरीश व्यास, प्राचार्य, शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय, उज्जैन; तथा डॉ. सुयश कुमार, शिक्षाविद, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, ग्वालियर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ। तत्पश्चात वक्ताओं एवं अतिथियों का स्वागत किया गया एवं प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा ने स्वागत भाषण में कार्यक्रम की रूप रेखा से सभी को अवगत कराया।

विशेष अतिथि सुदीप प्रजापति ने अपने व्याख्यान में विकसित भारत के लिए शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे छात्रों की सोच इस प्रकार से विकसित करें कि वह अपने देश से शिक्षा ग्रहण कर अन्यत्र न जाकर अपने देश के विकास में सहयोगी बने। प्रथम आमंत्रित वक्ता के रूप में डॉ मनोज सिन्हा ने विकसित भारत के साथ-साथ खुशहाल भारत की संकल्पना पर जोर दिया। डॉ सुयश कुमार ने बताया कि भारत के विकास के लिए मानव संसाधन प्रमुख है, एवं केवल गुरु ही मानव संसाधन का निर्माण कर सकते हैं।

डॉ कुमार ने उच्च शिक्षा की नीतियों के परिप्रेक्ष्य में धरातल पर आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए उनके उपायों पर भी विस्तृत चर्चा की। डॉ हरीश व्यास ने अपने व्याख्यान में विकसित भारत 2047 की परिकल्पना पर जोर देते gq, भारतीय ज्ञान परंपरा के साथ आधुनिक शिक्षण तकनीकों के समन्वय पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग को कृषि एवं उद्योगों के मध्य सेतु बनाकर कार्य करना होगा, तभी भारत का विकास संभव है। साथ ही मानव संसाधनों को समय - समय पर अपस्किल एवं रीस्किल करने के महत्व को रेखांकित किया। कार्यशाला के द्वितीय सत्र में जिले के समस्त शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य एवं आइक्यूएसी समन्वयको द्वारा उच्च शिक्षा विभाग की नीतियों को भारत के विकास के लिए और अधिक प्रभावी बनाने हेतु सुझाव प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का कुशल संचालन आइक्यूएसी प्रभारी विनयमणि त्रिपाठी एवं धन्यवाद ज्ञापन भूगोल विषय के प्राध्यापक डॉ आमिर एजाज़ के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी गण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### जेल का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं, कैदियों के संबंध में ली जानकारी



**भैरुंदा।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर प्रकाश चंद्र आर्य द्वारा सब जेल नसरुल्लागंज का औचक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर बंदियों के लिए विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

उक्त निरीक्षण में पाकशाला, जेल लीगल एड क्लीनिक, बंदियों के बैरक, पानी एवं रोशनी की व्यवस्था, डॉक्टरों की उपलब्धता, बीमार बंदियों के उपचार सम्बंधी सुविधाओं आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बंदियों के पोषण, भोजन, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं तथा उनके प्रकरणों की प्रगति के संबंध में विस्तार से जानकारी ली गई। प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा बंदियों की समस्याओं को सुना गया तथा त्वरित निराकरण हेतु सम्बंधितों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश उषा तिवारी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीता गुप्ता, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्वप्नश्री सिंह, न्यायाधीश प्रगति मित्रा सन्मोरिया, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, थाना प्रभारी घनश्याम दांगी सहित जेल स्टॉफ उपस्थित रहा।

इस पुल से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहनों का होता है आवागमन

# बारिश बनी आफत: दो माह पहले पुल की रेलिंग टूटी पुलिया के पास मिट्टी बही, किसानों का रास्ता बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर में इस वर्ष साल अधिक बारिश ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की कलई खोल दी है। नादनेर गांव में नर्मदा नदी पर बने पुल की मात्र दो माह पूर्व कराई गई मरम्मत की पोल पहली ही बारिश में खुल गई। नर्मदा के उफान पर आने से नवनिर्मित रेलिंग और सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

स्थानीय निवासी शिवकार सिंह और राजेश सिंह ने बताया कि माखन नगर को जोड़ने वाले इस पुल से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमन होता है। यहां से स्कूली बच्चे, आम नागरिक और मवेशी भी गुजरते हैं। रेलिंग का टूटना निर्माण कार्य में बरती गई लापरवाही को दर्शाता है।

### खेतों तक जाने का रास्ता बंद

इसी तरह मगरदा ग्राम पंचायत में दो दिन की लगातार बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पंचायत द्वारा निर्मित पुलिया के पास नदी के तेज बहाव से मिट्टी कटाव के कारण सैकड़ों किसानों का खेतों तक जाने का रास्ता अवरुद्ध हो गया है। करीब दो वर्ष पूर्व मगरदा ग्राम पंचायत द्वारा गाड़ाघाट पर बनाई गई पुलिया में नदी किनारे पीचिंग और पक्का गिट्टीकरण नहीं किया गया था। परिणामस्वरूप नदी के तेज बहाव से लगभग 10 मीटर चौड़ी मिट्टी बह गई है।

### मानसून सीजन में अब तक 34 इंच बारिश दर्ज की गई

विशेष रूप से इस मानसून सीजन में अब तक 34 इंच बारिश दर्ज की गई है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 26 इंच बारिश हुई थी। अधिक बारिश के कारण घटिया निर्माण वाली संरचनाएं लगातार क्षतिग्रस्त हो रही हैं।

## ग्राम रोजगार सहायक संघ भैरूंदा को मिला नया अध्यक्ष, सुनील पंवार निर्विरोध निर्वाचित



**भैरूंदा।** शनिवार को ग्राम रोजगार सहायक संघ, भैरूंदा की बैठक 2 अगस्त को आयोजित की गई। जिसमें संगठन की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। इस चुनाव में सर्वसम्मति से सुनील पंवार को संघ का अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया। चुनाव के दौरान किसी भी पद पर कोई प्रतिद्वंदी उम्मीदवार सामने न आने से निर्वाचन प्रक्रिया सहज और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। संघ के सदस्यों ने एकमत होकर सुनील पंवार के नेतृत्व में विश्वास जताया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुनील पंवार ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन के हित में पारदर्शिता, सहयोग और संवाद के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि जीआरएस कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर जनपद क्षेत्र भैरूंदा के कई ग्राम रोजगार सहायकों की उपस्थिति रही। संघ के वरिष्ठ सदस्यों ने भी सुनील पंवार को बधाई दी और उनके कार्यकाल में संगठन को नई दिशा मिलने की आशा जताई।

### मध्यरात्रि हुए हादसे के चलते जनहानि होने से बची

# जिले के देहरीकराड़ पंचायत के डाबरी गांव में स्कूल की छत ढही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के सारंगपुर क्षेत्र के कमलसरा गांव के स्कूल भवन की छत का एक हिस्सा ढहने की घटना के दो दिन बाद जिले में एक और स्कूल जर्जर स्कूल की छत गिरने का मामला सामने आया है। गनीमत से छत गिरने का यह हादसा रात्रि के समय हुआ। अगर दिन में यह हादसा होता तो अनेकों बच्चों एवं शिक्षकों की जान पर आ सकती थी।

जानकारी के अनुसार देहरीकराड़ पंचायत के ग्राम डाबरी में गुरुवार रात्रि कक्ष क्रमांक-5 में छत का एक हिस्सा अचानक भर-भराकर गिर गया। रात का समय होने से स्कूल में कोई विद्यार्थी या शिक्षक मौजूद नहीं था अन्यथा बड़ी जनहानि हो सकती थी। पंचायत के सरपंच सहित स्कूल के शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने बताया कि शाला भवन के बेहद जीर्ण-शीर्ण होने के बारे में एक साल पहले उच्चाधिकारियों को लिखित में अवगत करा दिया गया था, उसके बाद भी मरम्मत के लिए किसी तरह की कोई राशि नहीं आई। समूचे स्कूल भवन की छत से पानी टपक रहा है और छत को प्लास्टिक की पन्नी, तिरपाल से किसी तरह ढककर वहां अध्यापन कार्य करवाया जा रहा है।



#### क्या जनहानि के बाद आएगी मरम्मत की राशि

उल्लेखनीय है कि राजगढ़ जिले में 526 ऐसे स्कूल हैं जिन्हें मरम्मत की दरकार है। डीपीसी कार्यालय द्वारा इन सभी भवनों की मरम्मत का प्रस्ताव बनाकर राज्य शिक्षा केंद्र भेजा जा चुका है लेकिन वहां से अभी तक कोई बजट प्राप्त नहीं हुआ है। उक्त 526 में से 239 स्कूल तो ऐसे हैं जिनमें मरम्मत करवाना नितांत आवश्यक है।

#### राजस्थान हादसे के बाद पुनः मंगवाई गई सूची

जिले की सीमा से सटे राजस्थान राज्य के मनोहरथाना क्षेत्र के पिपलोदी स्कूल की छत गिरने से हुई 7 बच्चों की मौत के बाद राज्य शिक्षा केंद्र ने एक बार फिर से राजगढ़ जिले के जर्जर भवनों की सूची शिक्षा विभाग से तलब की है। उक्त सूची उसी दिन राज्य शिक्षा केंद्र को भेजी जा चुकी है। अब देखना यह है कि मरममत की दरकार वाले स्कूलों के लिए राशि कब तक आ पाएगी।

#### डीईओ बोले शासन को भेजा है पत्र

इस बारे में जिला शिक्षाधिकारी करण सिंह भिलाला से बता करने पर उनका कहना था कि स्कूल जर्जर हालत में है एवं 4 सालों से बच्चों को वहां न बैठाते हुए अतिरिक्त कक्ष में पढ़ाई करवाई जा रही है। जर्जर भवन को गिराने के लिए शासन को पत्र भेजा गया है।

# पूर्व विधायक कल्पोनी के नेतृत्व में धरना देकर बैठे किसान

### लावारिस गोवंश के लिए स्थाई इंतेजाम करने की रखी मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के हाईवे सहित अन्य आंतरिक मार्गों पर आए दिन हो रहे हादसों में निरीह गायें सहित अन्य गोवंश अपनी जान गवां रहे हैं। गोवंश के ठोर-ठिकाने के लिए प्रशासन द्वारा कोई स्थाई इंतेजाम न किए जाने के चलते किसानों की फसलों को भी गायों सहित अन्य मवेशियों द्वारा नष्ट की जा रही हैं। ऐसे में सड़कों सहित यहां-वहां घूमते निराश्रित गौवंश के लिए स्थाई इंतेजाम की मांग को लेकर पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी के नेतृत्व में करीब 15 से अधिक गांवों के किसान शुक्रवार को कलेक्टोरेट पहुंचे। यहां सभी ने कलेक्टोरेट के गेट पर कुछ समय तक धरना देकर अपनी मांगों का ज्ञापन अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह को सौंपा।

#### *बारिश से बर्बाद फसलों के सर्वे की भी रखी मांग*

*कलेक्टोरेट पहुंचे करेड़ी, गोरखपुरा, गेहूंखेड़ी, राजपुरा, कोलूखेड़ी, खारचाखेड़ी, खेरासी, टोडरी, हताईखेड़ा, तलाईखेड़ा, पीपल्याकुमार, खजूरी, करेड़ा, जलालिया, रोजड़, लिम्बोदा, चैंसला, तुमड़ियाखेड़ी, गुराड़िया, खेड़ी, घोड़ाखेड़ा, बरखेड़ी, सरेडी सहित अन्य गांवों के किसानों ने बीते दिनों हुई मूसलाधार बारिश से सोयाबीन, मक्का की फसलें पूरी तरह बर्बाद होने की बात भी कही। ग्रामीणों का कहना है कि पांच दिनों तक लगातार हुई बारिश से बीजों में अंकुरण तक नहीं हो पाया। दो बार बोवनी के बाद भी उपज अंकुरित नहीं हो पा रही है। ऐसे में उक्त ग्रामों का सर्वे करवाकर किसानों को मुआवजा एवं फसल बीमे का लाभ देने की मांग रखी गई है।*

# शासकीय माध्यमिक विद्यालय का जीर्णशीर्ण भवन धाराशायी किया

### 4 महीने बीतने के बाद भी छात्राओं को नवीन भवन नहीं मिला



**जीरापुर।** नगर के इंदर चौराहा पर स्थित आजादी के पुर्व का शासकीय भवन जिसमें कन्या शाला संचालित होती आ रही है। उक्त जीर्ण शीर्ण भवन जो कि पुराने समय का होकर चद्दर एवं खपरेलु छत युक्त रहा है जिससे बारिश का पानी टपकता रहता था।

क्षतिग्रस्त इस शाला भवन को नवीन स्वरूप देने के लिए नगर परिषद के द्वारा तोडा गया।इसके बाद शेष चार कक्षों में विद्यालय संचालित किया जा रहा है। इन दिनों हो भारी बारिश के चलते विद्यालय की छत से अन्य जो कक्ष है उनमें पानी टपक रहा है। इस वजह से विद्यालय में बच्चों को अध्यापन कार्य में भारी परेशानी हो रही है तथा छत पटकने के कारण शिक्षकों को डर सता रहा है कि राजस्थान के पीपलोदी जेसा हादसा यहां भी घटित न हो जायें। उल्लेखनीय है कि शासकीय माध्यमिक कन्या शाला में 1 मार्च 2025 को शिक्षिका श्रीमती ज्योत्सना दांगी के सेवानिवृत्ति विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, विधायक हजारीलाल दांगी सहित अन्य जनप्रतिनिधि सहित शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी उक्त आयोजन में उपस्थित हुए थे ,जहां पर विद्यालय मेनेजमेंट ने शाला भवन की समस्या से अवगत कराया गया जिस पर विधायक हजारीलाल दांगी ने तत्काल नगर परिषद उपयंत्री को क्षतिग्रस्त भवन को तोड़कर शीघ्र नवीन भवन बनाने की बात कही थी। इसके बाद नगर परिषद के माध्यम से भवन को तोड़ा गया। लेकिन 4 महीने बीत जाने के बाद भी विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं को नवीन भवन नहीं मिला है। वर्तमान में जो कक्ष है वह भी टपक रहे हैं।उपयंत्री-बृजेश उपाध्याय का कहना कि दिनांक 4/8/25को टेन्डर खुलेंगे तथा 15 लाख रुपए से भवन निर्माण होगा।

# सफाईकर्मी की हड़ताल : पीआईसी बैठक का निर्णय एक माह का वेतन

### अध्यक्ष व सीएमओ की समझाइश पर सफाईकर्मी पहुंचे काम पर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर पालिका सफाई कर्मी द्वारा वेतन को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल करते हुए एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। इसके पूर्व शुक्रवार को नगर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप थी, सुबह स्वच्छता वाहन भी नगर में नहीं पहुंचे इससे दुकानदार एवं आवासीय परिवार के घर से निकलने वाला कचरा चौराहों पर देखा गया। खबर लगते ही नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा सफाई कामगार की हड़ताल को लेकर मंत्री एवं कलेक्टर,परियोजना अधिकारी से चर्चा की एवं उनके अनुसार नगर पालिका, पीआईसी की बैठक आहूत कर सभी सफाई कामगारों का वेतन देने का निर्णय लिया और समस्त सफाई कामगारों को बुलाकर वेतन देने की सूचना दी,तब कही जाकर सफाई कामगारों ने अपनी हड़ताल समाप्त करते हुए नगर में सफाई अभियान शुरू किया।

#### जिम्मेदार बोले...

मध्य प्रदेश शासन नगर पालिका अधिनियम के तहत 2016 के बाद लगाए गए कर्मचारियों के वेतन को लेकर विसंगतियां थी जिसे फिलहाल वरिष्ठ अधिकारी यो से चर्चा कर निर्णय लिया है।

**पंकज पालीवाल,** नपाध्यक्ष सारंगपुर

पीआईसी की बैठक कर एक माह का वेतन देने का निर्णय किया गया है। शासन से जो मार्गदर्शन मिलेगा उसके अनुसार अग्रिम कार्यवाही होगी।

**ज्योति सुनेरे,** नपा सीएमओ सारंगपुर

### विहिप, बजरंगदल ने सौंपा ज्ञापन

# सारंगपुर की घटना को लेकर श्योपुर में भी उपजा आक्रोश



**राजगढ़।** विगत दिनों सारंगपुर की कन्याशाला में पदस्थ शासकीय शिक्षक मोहम्मद राशिद द्वारा मानवीयता की हदें लांघते हुए गोवंश के साथ अप्राकृतिक कृत्य को अंजाम दिया था। इस घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसका जुलूस निकालते हुए जेल भी भेज दिया है। उधर, आरोपी शिक्षक मोहम्मद राशिद के गृह नगर श्योपुर के नागरिक भी घटना को लेकर आक्रोषित हैं। इसी कड़ी में श्योपुर क्षेत्र के विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंगदल कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को उक्त घटना की तीखी निंदा करते हुए मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन स्थानीय अधिकारियों को सौंपा। उक्त ज्ञापन में इस तरह की विकृत मानसिकता वाले लोगों को सीधा फांसी देने की मांग पुलिस एवं प्रशासन से रखी गई है। राजगढ़ में भाजपा के जिला महामंत्री देवीसिंह सौंधिया ने बताया कि मोहम्मद राशिद जैसे विधर्मी और कुकर्मी को तत्काल बर्खास्त करते हुए उसके घर पर बुलडोजर चलाया जाना चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह का कृत्य करने की सोचने वालों के लिए यह सजा एक नजीर बन सके।

**संविदा नीति का लाभ देने सहित रखी अन्य मांगें**

# आजीविका मिशन के संविदा कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने शुक्रवार दोपहर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा। संगठन के अध्यक्ष तरुण भट्ट एवं सचिव पंकज शर्मा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में शासन द्वारा 22 जुलाई 2023 को जारी संविदा नीति का लाभ आजीविका मिशन के संविदा कर्मचारियों को देने की मांग रखी गई। इसके साथ ही ग्रामीण आजीविका मिशन में वर्ष 2012 में शासन द्वारा निर्धारित किए गए वेतनमान अनुसार वेतन देने की मांग भी रखी गई है। साथ ही वर्तमान में दिए जा रहे वेतन निर्धारण की विसंगतियों को भी दूर करने की मांग इन संविदा कर्मचारियों ने की है। इसके साथ ही मिशन के तहत कार्यरत संविदा कर्मियों की सेवा समाप्ति किसी भी कारण से न किए जाने की भी मांग की गई। इस मांग के साथ शासन के उस आदेश का हवाला दिया गया जिसमें स्पष्ट उल्लेख है कि किसी भी संविदाकर्मी की सेवा समाप्त न करते हुए अन्य प्रावधानों एवं प्रक्रियाओं का पालन किया जाए।

#### आए दिन समाप्त की जा रही सेवाएं

संविदाकर्मियों ने बताया कि उक्त निर्देशों का पालन न करने से आए दिन मिशन से जुड़े कर्मचारियों की सेवा समाप्त की जा रही है। मुख्यमंत्री से मांग की गई कि सभी जिलों को निर्देश प्रदान किए जाएं कि मिशन से जुड़े संविदाकर्मी की सेवा समाप्त न की जाए। इस अवसर पर आशीष कौशिक, विष्णु सिंह पंवार, अमित रावत, अवधेश सक्सेना, दुर्गा नागर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### दिव्यांग उत्थान सेवा समिति के बैनर तले सौंपा ज्ञापन

# दिव्यांगजनों की पेंशन 5 हजार प्रतिमाह करने मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के दिव्यांगजनों की विभिन्न मांगों को लेकर दिव्यांग उत्थान समिति के बैनर तले शुक्रवार दोपहर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में सभी दिव्यांगजनों की पेंशन 5 हजार रुपए प्रतिमाह करने की मांग प्रमुखता के साथ रखी गई है।

इसके साथ ही दिव्यांगजनों को यात्री बसों के रिाए में 50 प्रतिशत की छूट के स्थान पर 100 फीसदी की छूट देने, बिजली बिल में 100 प्रतिशत छूट प्रदान करने, दिव्यांगजन आयोग का गठन करने, आयुक्त के पद पर अनिवार्यतः दिव्यांग व्यक्ति की नियुक्ति करने, दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग को सामाजिक न्याय विभाग से अलग कर नवीन विभाग बनाने, दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 एवं मप्र दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2017 के पूर्णतः पालन करने, शासकीय दुकानों की नीलामी में दिव्यांगों हेतु छह प्रतिशत का कोटा रखने एवं रोजगार हेतु 10 लाख रुपए राशि तक का लोन बगैर गारंटी के देने की मांग रखी गई। दिव्यांग संघ पदाधिकारियों ने कहा कि अगर 8 अगस्त तक उनकी मांगे पूर्ण नहीं हुई तो वे आगामी आंदोलन की राह अपनाने पर मजबूर होंगे। इस अवसर पर शिवसिंह सिसोदिया, बीरम सिंह चौहान, दिनेश मालवीय, कलाबाई, दिनेश, बलदेव सिंह राजपूत, दिनेश खिंची, बीरमसिंह, मांगीलाल, कलाबाई, दुर्गाबाई, बलराम, मांगीलाल, हजारीलाल सहित अन्य दिव्यांगजन उपस्थित थे।



# नाली व सीसी रोड निर्माण सहित विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**सारंगपुर।** नगर के वार्ड क्रमांक 16 की महिलाओं ने वार्ड में व्याप्त जलभराव एवं बदहाल सड़कों की समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से सीसी रोड व नाली निर्माण की मांग की है। इस संबंध में वार्ड की दर्जनों महिलाओं ने नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचकर सीएमओ ज्योति सुनेरे को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि वार्ड 16 के रहवासियों को लंबे समय से गंदगी, कीचड़ और जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मानसून के चलते हालात और भी खराब हो गए हैं। नाली का उचित निर्माण न होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बहता है, जिससे बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। वार्ड की महिलाओं ने अधिकारियों से जल्द ही नाली और सीसी रोड निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगी। इस दौरान दिनेश धनगर, रेखा यादव, अयोध्या विश्वकर्मा, कंचन पाटिल, मीना, दीपा, किरन, राधा, शिवकांत सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं। वही वार्ड 16 ड्रीम होम कालोनीवासियों ने भी सड़क, कीचड़, पानी निकासी सहित विभिन्न मांगों के निराकरण के लिए एसडीएम के नाम तहसीलदार आकाश शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

### अंधविश्वास न चमत्कार, हाथ फेरने से बीमारी ठीक होने का दावा!

# मोर सिंह भोले बाबा के यह लगी भीड़, ग्रामीणों ने बताई बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

समीप ग्राम कड़लावद के लोहार परिवार में जन्मे मोर सिंह उर्फ भोले बाबा जो बचपन से ही अशिक्षित हैं, न किसी देवी देवता के यह जाते हैं, न किसी प्रकार का धाम है, सिर्फ प्रतिदिन भोलेनाथ के मंदिर में जाकर जल चढ़ाते हैं। उनके द्वारा कई प्रकार की बीमारी ठीक की जा रही हैं। हमारे संवाददाता ने ऐसे ही कुछ ग्रामीणों से चर्चा की तो पता चला कि गूंगे, बहरे, अंधे व्यक्तियों पर भोले बाबा उर्फ मोर सिंह द्वारा शरीर पर हाथ फेरा और उनकी बीमारी से निजात मिल गई। भोले बाबा ग्राम पंचायत कड़लावत के सरपंच मनोहर सिंह विश्वकर्मा के बड़े भाई हैं उनके परिवार में करीब 70 सदस्य हैं, सभी भाई एक जगह रहते हैं कई वर्षों से इस तरह के चमत्कार उनके हाथों से हुए हैं, जिसमें कालीसिंध नदी किनारे भोलेनाथ के मंदिर पर पानी से ज्योत जलाना, उक्त जोत कई वर्षों तक जलती रही, कुंडालियां डेम के बाद जलमग्न हो गई ,तब से लेकर आज तक भोले बाबा के हाथ से कई चमत्कार हुए हैं,लेकिन चमत्कारों की चर्चा सीमित रही ,हाल ही में भोले बाबा उज्जैन जिले के डाबड़ी गांव में रिश्तेदारी में पहुंचे वह पर दो बच्चे जो कि गूंगे बहरे एवं अंधत्व की बीमारी से ग्रसित थे, भोले बाबा ने उन पर हाथ फेरा और बच्चे बोलने,सुनने,और देखने लगे,इस बात की चर्चा से श,,,में आग की तरह फैली तो हजारों की संख्या में हुजूम दुखदर्द वाले लोग इकट्ठे हो गए,जिसमें हाथ पैर दर्द,हड्डी फैक्चर सहित विभिन्न बीमारी से ग्रसित लोग पहुंचे और उनको बाबा ने हाथ फेरा तब तत्काल उनको राहत महसूस हुई,सबसे बड़ी बात तो यह हैं कि भोले बाबा किसी भी प्रकार का तंत्र मंत्र पूजा पाठ नहीं जानते न किसी देवी देवता के पण्डे हैं बस भोले नाथ की कृपया से जिस पर हाथ रख देते है उस बीमार व्यक्ति की पीड़ा दूर हो जाती हैं,इन सब बीमारी को दूर भागने के लिए किसी भी प्रकार का कोई शुल्क या अगरबत्ती नारियल कुल मिलाकर किसी भी प्रकार की भेंट पूजा नहीं की जाती हैं।



बीमार व्यक्ति से ऊं नम शिवाय एवं जय भोलेनाथ बुलवाते हैं। उक्त खबर न तो अंध विश्वास फैलती है न किसी चमत्कार का दावा करती है। आंखों देखी कानों से सुनी खबर पाठकों के लिए प्रेषित है। किंतु खबर के लिए हमारे संवाददाता किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं हैं।


# स्कूल में बच्चों को गणवेश बांटकर मनाया जन्मदिवस



**माचलपुर।** नगर के शासकीय प्राथमिक विद्यालय क्रमांक-2 सांदीपनि ब्ड राइज केम्पस -2 माचलपुर में मनाया बच्चों को स्कूल गणवेश के शूज बांट कर जन्मदिवस। विद्यालय उपहार योजना अन्तर्गत बच्चों के बीच जाकर स्कूल में अतिथियों द्वारा दिया गया, जिसमें जिला पंचायत सदस्य जसवंत सिंह गुर्जर, भुपेंद्र सिंह मण्डलोई नगर कांग्रेस अध्यक्ष माचलपुर, पूर्व विधायक प्रतिनिधि समन्दर सिंह गुर्जर,युथ कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गुर्जर, सोशल मीडिया प्रभारी भोलाराम दुबे, राजेश राठौर,बंटी पांचाल जनप्रतिनिधि व समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ मां सरस्वती जी का पूजन, प्रार्थना हुई। एकल गीत रमन खोकर द्वारा व सामुहिक गीत विद्यालय के छात्र -छात्राओं द्वारा गायन किया गया। उपस्थित सभी ने बच्चों की सहभागिता की सराहना की। उपस्थित सदस्यों बच्चों को उपहार से पदवेश वितरण किए गए। श्री भुपेंद्र सिंह मण्डलोई का जन्मदिवस कार्यक्रम का आयोजन बाल केबिनेट द्वारा किया गया। आभार वरिष्ठ शिक्षक ओमप्रकाश उपाध्याय ने माना, परिचय शाला प्रधानाध्यापक अब्दुल करीम खान द्वारा करवाया व संचालन सुरेश चंद्र सोनी शिक्षक द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### तीन बाइक चोरी करने वाला गिरफ्तार



**आष्टा।** पुलिस ने तीन मोटरसाइकिल चोरी करने वाले शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। थाना आष्टा पुलिस ने आरोपी मान सिंह पिता मेहरबान सिंह, उम्र 22 वर्ष, निवासी दुपाडिया थाना पार्वती को पकड़ा। 27 जुलाई को फरियादी राजेश मालवीय की एचएफ डीलक्स बाइक न्यू बस स्टैंड आष्टा से चोरी हुई थी। इस पर अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। एसडीओपी आकाश अमलकर के निर्देशन और थाना प्रभारी निरीक्षक गिरीश दुबे के मार्गदर्शन में टीम बनाई गई। तकनीकी विश्लेषण और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने तीन बाइक चोरी करना कबूल किया। उसने बताया कि न्यू बस स्टैंड आष्टा से एचएफ डीलक्स, वर्ष 2023 में श्मशान घाट आष्टा से हौंडा साइन और थाना कन्नौद जिला देवास क्षेत्र से बजाज पल्सर चुराई थी। तीनों बाइक की कुल कीमत करीब 2 लाख रुपए आंकी गई है।

### शिक्षा अधिकारी, संकुल प्राचार्य का जताया आभार

**जावर।** आष्टा विखं शिक्षा अधिकारी व समस्त संकुल प्राचार्यों का व्यक्त किया समस्त अध्यापक संगठनों ने आभार आष्टा विखं अधिकारी प्रमोद कुशवाहा व समस्त संकुल प्राचार्यों द्वारा अध्यापकों के समस्त एरियर का भुगतान करने व हर माह महीने की पहली तारीख पर वेतन भुगतान करने पर आष्टा विकास खंड के समस्त अध्यापक संगठनों व समस्त अध्यापक साथियों ने वि ख अधिकारी एवं सीताराम वर्मा व समस्त संकुल प्राचार्य समस्त लेखापाल का आभार व्यक्त किया है और अध्यापकों ने भरोसा दिलाया कि जिस तरह आप हमारा कार्य समय से कर रहे हैं उसी तरह हम भी हर कार्य समय से करेंगे अपने छात्रों का भविष्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे गोपाल सिंह ठाकुर एवं समस्त स्टाफ ने मीलकर सभी का आभार माना।

# वीडियो वायरलः सेक्टर प्रभारियों की बैठक में कर्मचारियों के बीच हुआ हंगामा

## सिस्टर पुष्पा मेवाड़ा ने बैठक में जमकर किया हंगामा, महिला सिस्टर ने एक कर्मचारी पर वीडियो बनाने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शनिवार को अस्पताल परिसर में सेक्टर प्रभारियों की बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग के दो कर्मचारियों का बैठक के दौरान किसी बात को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न होने लगी। हंगामे को लेकर एक महिला सिस्टर ने एक कर्मचारी पर वीडियो बनाने का आरोप लगाते हुए हंगामें की स्थिति निर्मित हो गई। वहीं इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सामने आया है। वायरल वीडियो में देखा जा रहा है कि बैठक के दौरान एक सिस्टर चिल्लाती हुई नजर आ रही है। वहीं अस्पताल परिसर में हंगामा देख भर्ती मरीज भी घबरा गए। हर शनिवार सेक्टर प्रभारियों की बैठक अहमदपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बैठक आयोजित की जाती है। वहीं बैठक में स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ कर्मचारियों से जानकारी मांगी जाती है। शनिवार को भी इसी तरह की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान झिरी उप स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ महिला सिस्टर पुष्पा मेवाड़ा जब जानकारी देने लगी तो झिरी में ही पदस्थ कर्मचारी कृष्णकांत शर्मा, महिला सिस्टर पुष्पा मेबाड़ा के बीच चिल्ला चोट और हंगामा होने लगा। बताया जा रहा है कि बैठक के दौरान जो घटनाक्रम हुआ है, वीडियो को लेकर हुआ है। महिला सिस्टर ने आरोप लगाया है की मेरी वीडियो बनाने लगे इसी बात को लेकर सिस्टर पुष्पा मेवाड़ा द्वारा बैठक में जमकर हंगामा किया। वीडियो को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई। बरहाल मामला जो भी रहा हो लेकिन बैठक के दौरान एक ही



जगह पदस्थ दोनों ही कर्मचारियों द्वारा अस्पताल परिसर में एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए एक दूसरे को अपशब्द कहते हुए अस्पताल में हंगामा खड़ा कर दिया। दोनों ही कर्मचारियों के बीच बैठक के दौरान हंगामा को देख अस्पताल परिसर में मौजूद वहां पहुंचकर तमाशा देखने लगे। दोनों ही कर्मचारियों द्वारा अस्पताल परिसर में अनुशासनहीनता का कार्य किया गया है जो अस्पताल प्रबंधन पर कई बड़े सवाल खड़े करते हुए नजर आ रहा है। पूरा घटनाक्रम का वीडियो भी सामने आया है और वीडियो वायरल हो रहा है। मामले को लेकर जे डी किरार ने बताया कि, मीटिंग के दौरान जानकारी ले रहे थे तभी सिस्टर पुष्पा मेवाड़ा चिल्ला चोट करने लगी अस्पताल में सब आते है अच्छा नही लगता। डॉक्टर के सी मोहनिया अहमदपुर अस्पताल प्रभारी द्वारा बताया गया कि बैठक में हंगामा किस बात को लेकर हुआ है। इसकी जानकारी अभी मिली नहीं है। अस्पताल परिसर में विद्युत ट्रांसफार्मर एवं पोल गढ़ रहे इसलिए मैं बाहर था। बैठक के दौरान जानकारी ले रहे थे बैठक के दौरान सिस्टर चिल्ला चोट करने लगी कारण कुछ नही है जानकारी लेने में यह हुआ है वायरल वीडियो को लेकर कहा की अस्पताल में सब लोग आते है यह सब अच्छा नहीं लगता है।

### कृषि मंडी में सुर्खियों में आने के बाद हटाए गए सचिव

# मंडी के सचिव मोहन मालवीय को हटा कर नरेंद्र मेश्राम को किया नियुक्त

### मंडी भूमिपूजन कार्यक्रम में नहीं नजर आए व्यापारी, अध्यक्ष हुए थे नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कृषि उपज मंडी चार दिन पहले अचानक से सुर्खियों में आ गई थी। दरअसल, कृषि उपज मंडी नवीन के कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण होना था। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर शामिल हुए थे। हालांकि इस कार्यक्रम की सूचना कृषि उपज मंडी की रीढ़ कहे जाने वाले व्यापारियों तक नहीं पहुंची थी।

नतीजतन कृषि उपज मंडी के व्यापारी संघ अध्यक्ष रूपेश राठौर कार्यक्रम का बहिष्कार करते हुए कार्यक्रम से चले गए थे। इधर इस मामले के चार दिन बाद आष्टा कृषि उपज मंडी के सचिव मोहन मालवीय को हटा दिया गया है। उनके स्थान पर अब शुजालपुर कृषि उपज मंडी में पदस्थ नरेन्द्र कुमार मेश्राम को आष्टा मंडी के सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मेश्राम संभवतः सोमवार को पदभार ग्रहण करेंगे। गौरतलब है कि गत सोमवार को आष्टा कृषि उपज मंडी में नवीन मंडी प्रांगण में स्वीकृत निर्माण कार्यों का भूमि पूजन




लोकार्पण विधायक गोपालसिंह इंजीनियर द्वारा किया गया था। आयोजित हुए उक्त कार्यक्रम में व्यापारी संघ अध्यक्ष रूपेश राठौर कुछ देर के लिए पहुंचे थे और यह कहकर बहिष्कार कर दिया कि हमारे व्यापारी भाईयों को इस कार्यक्रम की सूचना नहीं दी गई। इधर इस कार्यक्रम के चार दिन बाद मालवीय को सचिव पद से हटा दिया गया है।

#### व्यापारियों का लेना देना नहीं

आष्टा कृषि उपज मंडी के व्यापारी संघ अध्यक्ष रुपेश राठौर ने बताया कि सचिव के हटाए जाने को लेकर सोमवार को घटित मामले से कोई लेना देना नहीं है।

# अस्पताल भवन के पास किया अतिक्रमण स्वेच्छा से हटाया

## डॉक्टरों और स्टाफ के क्वार्टर का होगा निर्माण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम मेहतवाड़ा में समस्त ग्राम वासियों के अथक प्रयास से पुराने अस्पताल भवन के सामने डाक्टरों एवं स्टाफ के क्वार्टर निर्माण के लिए कलेक्टर द्वारा आवंटित भूमि खसरा नंबर 371/1 रकबा 0.085 भूमि पर तहसीलदार के निर्देशों पर अवैध अतिक्रमण स्वेच्छा से गुमटी वालों ने हटाया और रस्सी से चुना डालकर सीमांकित भूमि पर ठेकेदार के द्वारा खम्बे गाड़वाकर तार फेसिंग की गई। तथा क्वार्टर निर्माण कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश पीडब्ल्यूडी इंजीनियर एवं ठेकेदार को दिये। निर्माण कार्य में कोई भी अवैधानिक रूप रोड़ा अटकाए तो तत्काल तहसीलदार को सुचना देने हेतु अस्पताल कर्मचारियों एवं ठेकेदार तथा समस्त ग्राम वासियों को कहा गया है।



# एसोसिएशन की बैठक में सेवानिवृत्त दो तुलावटियों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कृषि उपज मंडी परिसर में श्रमजीवी तुलावटी एसोसिएशन के कार्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 62 वर्ष की आयु पूरी कर सेवानिवृत्त हुए दो तुलावटियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त हुए छगनलाल प्रजापति और सुरेश सिंह मेवाडा को संगठन के सभी सदस्यों ने सम्मानित किया। दोनों को 40-40 हजार रुपए के चेक भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर श्रमजीवी तुलावटी एसोसिएशन के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने अपनी चिंताएं साझा कीं। उन्होंने कहा कि संगठन के सदस्यों को अभी तक सरकार, मंडी बोर्ड या व्यापारियों की ओर से कोई सहायता नहीं मिली है। हिम्मत सिंह ने आगे कहा कि सरकार को तुलावटियों की ओर भी ध्यान देना चाहिए और उचित सहायता प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि तुलावटियों को भी किसी सरकारी योजना में शामिल किया जाए। अध्यक्ष ने बताया कि संगठन के सदस्यों ने अपने स्तर पर एक-एक, दो-दो रुपए जोड़कर यह राशि इकट्ठा की है। दोनों सेवानिवृत्त सदस्यों को चेक दिए। कार्यक्रम में संगठन के अध्यक्ष हिम्मत सिंह के अलावा देवी सिंह मालवीय, ओमप्रकाश प्रजापति, जय सिंह मेवाडा, राहुल कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी मौजूद थे।

### सेवानिवृत्ति हुए नपाकर्मी को दी विदाई

**आष्टा।** नगर पालिका में वर्षों तक नगर पालिका में सेवा देने वाले नपा कर्मचारी कमल बांकड़े का विदाई समारोह नपा सभाकक्ष में हुआ। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा, सेवानिवृत्ति के बाद व्यक्ति को खुद को बूढ़ा नहीं मानना चाहिए। बांकड़े ने नगर पालिका में बिजली विभाग में काम किया। वर्तमान में वे जल शाखा में कार्यरत थे।

### आज से आरंभ होगी अंडर स्कूल फुटबॉल प्रतियोगिता



**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबॉल संघ द्वारा प्रति वर्ष अनुसार जिला स्तरीय अंडर 17 अंडर 19 इंटर स्कूल फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ 3 अगस्त को स्थानीय चर्च ग्राउंड पर शाम को 4 बजे से किया जाएगा। प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय, सेंटमेरी स्कूल आईईएस. स्कूल, शारदा विद्या मंदिर स्कूल के मध्य खेला जाएगा। पहले दिन दो मैच खेले जाऐंगे। इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने प्रतियोगिता की सफलता के लिए समिति का गठन किया है। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शनिवार को मैदान पर खेली जा रही सुपर बेबी लीग प्रतियोगिता के दूसरे चरण में एक मैच खेला गया था। इसमें सीहोर चिल्ड्रन ने मिनी बाइज को 2-0 से हराया। सीहोर चिल्ड्रन की ओर से अग्रिम-कुशल ने एक-एक गोल किया।

# सत्य सनातन वैदिक धर्म के सर्वमान्य ग्रंथ हैं वेदः कथावाचक अंजली दीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



स्थानीय मानस भवन में चल रहे संगीतमय वैदिक सत्संग के दूसरे दिन अंजली दीदी आर्य ने कहा कि वेद सत्य सनातन वैदिक धर्म के सर्वमान्य ग्रंथ हैं। जिन सिद्धांतों को आज के वैज्ञानिक खगोल और ब्रह्मांड से जोड़ते हैं, वे हजारों साल पहले वेदों में लिखे जा चुके हैं। अंजली दीदी ने युवाओं की मोबाइल और सोशल मीडिया पर बढ़ती निर्भरता पर चिंता जताई। उन्होंने माता-पिता और गुरु की महत्ता को स्पष्ट शब्दों में बताया। मातृशक्ति से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जैसा बनाएं। इसके लिए उन्हें स्वयं कौशल्या माता जैसा बनना होगा। हर दिन सुबह 8 से 10 बजे तक वैदिक यज्ञ होता है। यज्ञ में अंजली दीदी स्वयं मंत्रों और संगीतमय ध्वनि के साथ आहुतियां दिलवाती हैं। इच्छुक यजमान इसमें भाग ले सकते हैं। कार्यक्रम में मनोज सोनी के नाति युवान का अन्नप्राशन संस्कार भी हुआ। अंजली दीदी ने 16 संस्कारों का महत्व भी बताया। आयोजन शीतला माता मंदिर समिति, आर्य समाज, मानस भवन समिति के संयुक्त प्रयास से हुआ।

### श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी में आयोजित हुआ एक दिवसीय विशेष सत्र

# नवाचार, स्टार्टअप और उद्यमिता के बारे दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेस सीहोर में इनोवेट, इनक्यूबेट, एक्सीलेरेट-इंडस्ट्री इनसाइट्स ऑन एंटरप्रेन्योरशिप एंड स्टार्टअप्स' विषय पर एक दिवसीय विशेष सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सेंटर फॉर रिसर्च एंड इंडस्ट्रियल स्टाफ परफॉर्मेंस भोपाल के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती पूजन और दीप प्रज्वलन से हुई। दीप प्रज्वलन के अवसर पर मंच पर उपस्थित अतिथियों ने ज्ञान के दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दीप प्रज्वलन के साथ ही सभी अतिथियों का स्वागत भारतीय परंपरा के अनुसार तुलसी के पौधे भेंट कर किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. मनोज कुमार जैन, वरिष्ठ सलाहकार, अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान, भोपाल ने छात्रों को नवाचार, स्टार्टअप एवं उद्यमिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि किस प्रकार किसी विचार को विकसित कर इनक्यूबेट किया जाता है और उसे एक सफल व्यवसाय में परिवर्तित किया जा सकता है। कार्यक्रम कुलगुरु डॉ मुकेश तिवारी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. हेमंत शर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय राठौर




सहित सभी शिक्षक और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। स्वागत भाषण डॉ. रंजीत पुसे द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसमें उन्होंने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों एवं इस सत्र की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कुलसचिव डॉ. हेमंत शर्मा तथा डायरेक्टर रिसर्च डॉ.मोहित गंगवार ने भी छात्रों को संबोधित कर नवाचार और शोध को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन अंकित जोशी तथा आभार प्रदर्शन डॉ. हर्ष लोहिया द्वारा किया गया। यह विशेष सत्र विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरक सिद्ध हुआ। इस कार्यक्रम से छात्र स्टार्टअप एवं उद्यमिता के क्षेत्र में नए अवसरों की तलाश के लिए प्रेरित हुए।

# पैदल कांवड़ लेकर पहुंचे कुबेरेश्वरधाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हर साल की तरह इस साल भी आस्था और उत्साह के साथ प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पूरी आस्था और उत्साह के साथ शहर के सीवन नदी के तट से कुबेरेश्वरधाम पर पहुंच रहे हैं। प्रशासन और विठलेश सेवा समिति ने भी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। रविवार से लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को दृष्टिगत रखते हुए सीवन नदी घाट एवं कावड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। शनिवार को आष्टा से करीब 45 किलोमीटर दूरी महाकाल गुरप के गुड्डू और रांगा कुशवाहा आदि के साथ 200 से अधिक युवा कांवड लेकर पहुंचे। इनका स्वागत विठलेश सेवा समिति की ओर से किया गया। हर साल की तरह इस साल भी शहर के सीवन घाट पर मेले जैसा माहौल निर्मित है, जहां पर



अल सुबह से ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु पूरी आस्था और उत्साह के साथ पहुंच रहे है और 11 किलोमीटर नंगे पैर चलते हुए कुबेरेश्वरधाम पर पहुंचकर बाबा का अभिषेक कर रहे है। इसके अलावा कई ऐसे श्रद्धालु भी है जो शहर के रेलवे स्टेशन से पैदल चलते हुए धाम पर पहुंच रहे है। रविवार और सोमवार को भी सीवन नदी के तट से धाम तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। शनिवार को बड़ी संख्या में कांवड़ियों की धूम रही। सुबह से ही अपने निजी वाहनों पर सवार होकर डीजे साउंड और ढोल मंजीरे की धुन पर भोलेनाथ के भजनों का मधुर संगीत बजाते कांवड़यि दूर-दराज क्षेत्रों से धाम पर पहुंचे। असम, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, गुजरात, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, बिहार आदि प्रांतों से आए श्रद्धालुओं का धाम पर विठलेश सेवा समिति ने भोजन प्रसादी वितरण कर स्वागत-सम्मान किया। विठलेश सेवा समिति के व्यवस्थापक समीर शुक्ला और पंडित विनय मिश्रा ने बताया कि शनिवार को करीब 40 हजार से अधिक कावड यात्रियों को करीब ढाई क्विंटल से अधिक हलवा, नुक्ति की प्रसादी के अलावा निशुल्क भोजन वितरण किया।